# कार्यालय वन वृत्त, बैतूल (म.प्र.)

कार्यालय :- टेलीफोन/फैक्स (07141) 234396 ccf.btl@mp.gov.in

बैतूल दिनांक - 18/12/25

क्रमांक/मा.चि./ 1745

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
(भू-प्रबंध)
वन भवन म.प्र. भोपाल

विषय :-बैतूल एवं होशंगाबाद (नर्मदापुरम) जिले में जुझारपुर से ढोढरामोहार के मध्य तीसरी रेल्वे लाईन के निर्माण हेतु वनमंडल की 1.2496 हे. वनभूमि एवं होशंगाबाद वनमंडल की 6.7861 हे. कुल 8.0357 हे. वनभूमि सेन्ट्रल रेल्वे नागपुर डिवीजन बैतूल को उपयोग पर देने बाबत् । प्रकरण क्रमांक / FP/MP/RAIL/150074/2021।

संदर्भ :- 1. आपका पृ.क्रमांक /एफ-5/1211/EFile-107/2025 दिनांक 04.11.2025।
2. वनमंडलाधिकारी उत्तर बैतूल सा. वनमंडल का पृ. क्रमांक 1855 दिनांक 17.11.2025।

= = 00 = =

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य में निवेदन है कि, आपके पृ.क्रमांक /एफ-5/1211/EFile-107/2025 दिनांक 04.11.2025 से चाही गयी जानकारी वनमंडलाधिकारी उत्तर बैतूल सा. वनमंडल द्वारा उनके पृ.क्र.1855 दिनांक 17.11.2025 से वांछित जानकारी आपकी ओर प्रेषित करते हुए इस कार्यालय को पृष्ठांकित किया गया है।

वनमंडलाधिकारी उत्तर बैतूल सा. वनमंडल द्वारा लेख किया गया है कि, भारत सरकार के पत्र दिनांक 13.10.2025 में उल्लेखित अनुसार विषयांकित प्रकरण में रेल्वे विभाग की ओर से वनमंडल कार्यालय में दिनांक 17.12.2025 को उपस्थित कार्यपालन यंत्री(निर्माण)बैतूल द्वारा रेल्वे के स्वामित्व के संबंध में वर्ष - 1986 का ROW मानचित्र प्रस्तुत किया गया । उक्त मानचित्र का अवलोकन किया गया । अवलोकन में डाउन ट्रेक साईड में 3 मीटर चौडाई एवं 122 मीटर लंबाई में अनाधिकृत रूप से वनभूमि पर मार्ग निर्माण होना पाया गया ।

उपरोक्तानुसार वन संरक्षण अधिनियम 1980 के उल्लंघन के फलस्वरूप निर्धारित संक्षेपिका में विस्तृत विवरण मय आवश्यक अभिलेख के संयुक्त हस्ताक्षर (व.म.अ. उत्तर बैतूल एवं कार्यपालन यंत्री(निर्माण) बैतूल ) कर संलग्न संप्रेषित किया गया है।

वनमंडलाधिकारी उत्तर बैतूल सा. वनमंडल द्वारा प्रेषित संक्षेपिका आपकी ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर संलग्न संप्रेषित है।

सहपत्र:- उपरोक्तानुसार।

Basu

(बासु कनौजिया)
वनसंरक्षक
वन वृत्त बैतूल

पृष्ठा. क्र./मा.चि./ 1746

बैतूल, दिनांक - 18/12/25

प्रतिलिपि:- 1. . वनमंडलाधिकारी उत्तर बैतूल सा. वनमंडल की ओर संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ अग्रेषित।

Basu

वनसंरक्षक
वन वृत्त बैतूल

D:\January 2025 part 2.docx